CBSE Test Paper 01
Ch-2 व्याकरण वाक्य रूपांतरण

1. तोता पिंजरे में बंद है और मिर्च खा रहा है |(सरल वाक्य)
   a. मिर्च खा रहा है तोता , क्योंकि वह पिंजरे में बंद है |
   b. पिंजरे में बंद तोता मिर्च खा रहा है |
   c. जो तोता पिंजरे में बंद है, वह मिर्च खा रहा है |
   d. क्योंकि तोता पिंजरे में बंद है, इसलिए वह मिर्च खा रहा है |
2. मेरा गाँव छोटा–सा है | उसके चारों ओर जंगल है | (सरल वाक्य)
   a. क्योंकि मेरा गाँव छोटा–सा है इसलिए उसके चारों ओर जंगल है |
   b. मेरे छोटे से गाँव के चारों ओर जंगल है |
   c. मेरा गाँव छोटा–सा है और उसके चारों ओर जंगल है |
   d. मेरा गाँव छोटा–सा है, जिसके चारों ओर जंगल है |
3. सच बोलने वाले व्यक्ति को कोई डरा नहीं सकता ।(मिश्रित वाक्य)
   a. जो व्यक्ति सच बोलता है उसे कोई डरा नहीं सकता।
   b. वे सच बोलने वाले व्यक्ति हैं और उन्हें कोई नहीं डरा नहीं सकते ।
   c. सच बोलने वाले व्यक्ति को कोई डरा नहीं सकता ।
   d. उन्हें कोई डरा नहीं सकता , इसलिए वे सच बोलते हैं ।

4. नीचे लिखें वाक्यों में से किन्हीं तीन वाक्यों का निर्देशानुसार रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण कीजिए-

   i. बालक रोता रहा और चुप हो गया। (सरल वाक्य में)
   ii. वह फल खरीदने के लिए बाज़ार गया। (संयुक्त वाक्य में)
   iii. वह वास्तव में बहुत धनी है। उसमें कुछ भी अभिमान नहीं है। (संयुक्त वाक्य में)
   iv. आप द्वार पर बैठें। उसकी प्रतीक्षा करें। (मिश्र वाक्य में)

5. नीचे लिखें वाक्यों में से किन्हीं तीन वाक्यों का निर्देशानुसार रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण कीजिए-

   i. वह लड़का गाँव जाकर बीमार हो गया। (मिश्र वाक्य)
   ii. जैसे ही वह स्टेशन पहुँचा, वैसे ही गाड़ी चल दी। (सरल वाक्य)
   iii. रेस में प्रथम आनेवाले लड़के को पुरस्कार मिला। (मिश्र वाक्य)
   iv. हरभजन सिंह के पहले ओवर की पहली गेंद पर जयसूर्या आउट हो गया। (संयुक्त वाक्य)

6. नीचे लिखें वाक्यों में से किन्हीं तीन वाक्यों का निर्देशानुसार रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण कीजिए-

   i. उसे पुस्तकें खरीदनी थीं इसलिए वह बाज़ार गया। (सरल वाक्य)

ii. क्योंकि उसने अपराध किया इसलिए उसे सजा मिली। (संयुक्त वाक्य)
iii. कम रौशनी में पढ़ने के कारण विद्यार्थी अपनी आँखें गवाँ बैठा। (मिश्र वाक्य)
iv. वहाँ जाकर जल्दी आ जाना। (संयुक्त वाक्य)

7. नीचे लिखें वाक्यों में से किन्हीं तीन वाक्यों का निर्देशानुसार रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण कीजिए-

i. उसने कहा था और वह समय पर आया भी था। (मिश्र वाक्य)
ii. तुम जाकर राम को बुला लाओ। (संयुक्त वाक्य)
iii. दहाड़ते हुए शेर ने हिरण पर हमला किया। (मिश्र वाक्य)
iv. रोहित गाँव जाकर बीमार हो गया। (संयुक्त मिश्र)

8. नीचे लिखें वाक्यों में से किन्हीं तीन वाक्यों का निर्देशानुसार रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण कीजिए-

i. परिश्रमी व्यक्ति कभी खाली नहीं बैठता। (मिश्र वाक्य में)
ii. आज्ञाकारी श्याम माता-पिता की सेवा करता है। (संयुक्त वाक्य में)
iii. कर्म करने वाले को फल की इच्छा नहीं करनी चाहिए। (मिश्र वाक्य में)
iv. जो विद्वान और सत्यवादी है उनका सर्वत्र सम्मान होता है। (सरल वाक्य में)

CBSE Test Paper 01
Ch-2 व्याकरण वाक्य रूपांतरण

Answer

1. b. पिंजरे में बंद तोता मिर्च खा रहा है |, **Explanation:** यह विकल्प सही है |उद्देश्य-पिंजरे में बंद तोता विधेय-मिर्च खा रहा है।
2. b. मेरे छोटे से गाँव के चारों ओर जंगल है |, **Explanation:** यह विकल्प सही है |उद्देश्य-मेरा छोटे से गाँव विधेय-के चारों ओर जंगल है।
3. a. जो व्यक्ति सच बोलता है उसे कोई डरा नहीं सकता।, **Explanation:** यह विकल्प सही है | विशेषण आश्रित उपवाक्य
4. i. बालक रो-रोकर चुप हो गया।
   ii. उसे फल खरीदने थे इसलिए बाज़ार गया।
   iii. वह वास्तव में बहुत धनी है परंतु उसमें कुछ भी अभिमान नहीं है।
   iv. जब आप द्वार पर बैठें तब उसकी प्रतीक्षा करें।
5. i. वह लड़का गाँव गया और बीमार हो गया।
   ii. उसके स्टेशन पहुँचते ही गाड़ी चल पड़ी।
   iii. जो लड़का रेस में प्रथम आया उसे पुरस्कार मिला।
   iv. हरभजन सिंह ने पहले ओवर की पहली गेंद फेंकी और जयसूर्या आउट हो गया।
6. i. वह पुस्तकें खरीदने के लिए बाज़ार गया।
   ii. वह अपराधी था इसलिए उसे सजा मिली।
   iii. वह विद्यार्थी अपनी आँखें गवां बैठा जो कम रौशनी में पढ़ता था।
   iv. वहाँ जाना किंतु जल्दी आ जाना।
7. i. जैसे उसने कहा था वैसे वह समय पर आया भी था।
   ii. तुम जाओ और राम को बुला लाओ।
   iii. जैसे ही शेर दहाड़ा वैसे ही उसने हिरण पर हमला किया।
   iv. रोहित गाँव गया और बीमार हो गया।
8. i. जो व्यक्ति परिश्रमी होता है, वह कभी खाली नहीं बैठता।
   ii. श्याम आज्ञाकारी है और माता-पिता की सेवा करता है।
   iii. जो कर्म करने वाले हैं, उन्हें फल की इच्छा नहीं करनी चाहिए।
   iv. विद्वान और सत्यवादी का सर्वत्र सम्मान होता है।